Ministry of Health
& Family Welfare
Government of India

Help us to help you

# COVID-19 टीकाकरण के लिए गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग



## फ्रंटलाइन हैल्थकेयर वर्कर्स और वैक्सीनेटर के लिए फैक्ट–शीट

फ्रंटलाइन हैल्थकेयर वर्कर या वैक्सीनेटर के रूप में, आपको गर्भवती महिलाओं को **COVID-19** वैक्सीन की उपलब्धता, मूल्य और सावधानियों के बारे में सलाह देने की आवश्यकता है। यह नोट आपको गर्भवती महिलाओं को शिक्षित करने और उनका समर्थन करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करता है, ताकि वे **COVID-19** वैक्सीन लगवाने के बारे में निर्णय ले सकें। नोट को प्रश्न–उत्तर के रूप में संरचित किया गया है ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को **COVID-19** टीकाकरण से संबंधित जानकारी दी जा सके।



**अधिक जानकारी के लिए नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें**

## 01 गर्भवती महिलाओं के लिए COVID-19 वैक्सीन लगवाने की सलाह क्यों दी जा रही है?

- गर्भावस्था से COVID-19 संक्रमण का खतरा नहीं बढ़ता है।
- अधिकांश गर्भवती महिलाएं लक्षण रहित या बहुत कम लक्षण वाली बीमारी से ग्रसित होती है, **लेकिन उनका स्वास्थ्य तेज़ी से बिगड़ सकता है और इससे भ्रूण भी प्रभावित हो सकता है।**
- यह महत्वपूर्ण है कि वे खुद को COVID-19 से बचाने के लिए सभी सावधानियां बरतें, जिसमें COVID-19 के खिलाफ़ टीकाकरण भी शामिल है।
- इसलिए यह सलाह दी जाती है कि गर्भवती महिला को COVID-19 का वैक्सीन लगवाना चाहिए।



## 02 COVID-19 से संक्रमित होने का अधिक जोखिम किसे है?

- जो महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता या फ्रंटलाइन कर्मचारी हो।
- जिस समुदाय में COVID-19 के संक्रमण की दर अधिक है।
- जो बाहरी लोगों के संपर्क में आते हों।
- जो भीड़–भाड़ वाले घर में अतिरिक्त दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) न बना पाए।

## 03 COVID-19 गर्भवती महिला के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है?

- हालांकि अधिकांश (>90 प्रतिशत) संक्रमित गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ती, पर कुछ महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।
- COVID-19 के लक्षण जिन गर्भवती महिलाओं में पाए जाते हैं, उन्हें गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक होता है और भ्रूण पर भी इसका प्रभाव हो सकता है। इसलिए, गर्भवती महिलाओं को COVID-19 वैक्सीन लगवाने की सलाह दी जाती है।
- 35 वर्ष से अधिक आयु की या उच्च रक्तचाप से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को गंभीर COVID-19 होने का अधिक खतरा होता है।

## 04 गर्भवती महिलाओं का COVID-19 संक्रमण, नवजात शिशु को कैसे प्रभावित करता है?

- अधिकांश (>95 प्रतिशत) COVID-19 ग्रसित महिलाओं के नवजात शिशु जन्म के समय अच्छी स्थिति में होते हैं।
- कभी–कभी, गर्भावस्था के दौरान COVID-19 संक्रमण से संक्रमित माताओं में समय से पहले डिलीवरी होने, ढाई किलो से कम का नवजात शिशु होने या जन्म से पहले नवजात शिशु की मृत्यु होने की संभावना बढ़ सकती है।



## 05 COVID-19 संक्रमण के बाद किन गर्भवती महिलाओं को जटिलताएं विकसित होने का अधिक खतरा होता है?

**गर्भवती महिलाएं जो:**



35 वर्ष से अधिक आयु की हों



मोटापे से ग्रसित हों



मधुमेह या उच्च रक्तचाप से ग्रसित हों



जिनमें पहले से क्लोटिंग की समस्या हो

## 06 यदि किसी गर्भवती महिला को पहले से ही COVID-19 हो चुका है, तो उसे कब वैक्सीन लगाया जाना चाहिए?

- यदि गर्भावस्था के दौरान कोई महिला COVID-19 से संक्रमित हो चुकी हो, तो उसे प्रसव के तुरंत बाद वैक्सीन लगाया जाना चाहिए।

## 07 COVID-19 वैक्सीन लगवाने से गर्भवती महिला या उसके नवजात शिशु पर क्या दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं?

- उपलब्ध COVID-19 वैक्सीन गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित हैं और उन्हें COVID-19 बीमारी से बचाते हैं।
- अन्य टीकों की तरह, COVID-19 वैक्सीन लगवाने के बाद हल्के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि हल्का बुखार, इंजेक्शन लगने की जगह पर दर्द या 1-3 दिन तक अस्वस्थ महसूस होना।
- भ्रूण और नवजात शिशु के लिए वैक्सीन के दीर्घकालिक प्रतिकूल प्रभाव और सुरक्षा अभी तक स्थापित नहीं हुई है।
- लगभग हर 1 से 5 लाख गर्भवती महिलाओं में किसी 1 महिला को COVID-19 का वैक्सीन लगवाने के 20 दिन के भीतर, कुछ लक्षण हो सकते हैं। इनमें से किसी भी लक्षण के होने पर तत्काल ध्यान देना अति आवश्यक है।



# किसी भी COVID-19 वैक्सीन को लगवाने के 20 दिनों के भीतर होने वाले लक्षणों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।



सांस की तकलीफ़
(सांस लेने में कठिनाई)



छाती में दर्द



उल्टी होना या
लगातार पेट दर्द होना



हाथ/पैर में दर्द या दबाने पर दर्द
होने या बांह/पैर में सूजन आना



इंजेक्शन लगने की जगह से दूर त्वचा
पर रक्त के छोटे या बड़े निशान होना



शरीर के किसी भी अंग
में कमज़ोरी आना



दौरा पड़ना (उल्टी के साथ या उल्टी
के बिना) (दौरा पड़ने के पिछले इतिहास
की अनुपस्थिति में)



तेज़ या लगातार सिरदर्द (उल्टी के साथ
या उल्टी के बिना) (माइग्रेन या पुराने सिरदर्द
के इतिहास की अनुपस्थिति में)



बिना किसी स्पष्ट कारण
के लगातार उल्टी होना



धुंधला दिखाई देना या आंखों
में दर्द होना



कोई अन्य लक्षण या स्वास्थ्य
स्थिति जो प्राप्तकर्ता या परिवार
के लिए चिंता का विषय है

## 08 टीकाकरण के बाद गर्भवती महिला को और किन सावधानियों की सलाह दी जानी चाहिए?


स्वयं को और अपने आस–पास के लोगों को COVID-19 संक्रमण से बचाने के लिए, आपको गर्भवती महिला और उसके परिवार के सदस्यों को सलाह देनी चाहिए कि वे COVID-19 उपयुक्त व्यवहारों का पालन जारी रखें जैसे:



**मास्क है ज़रूरी:**
**डबल मास्क पहनना**



**हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह और नियमित रूप से धोना**





**दो गज दूरी:**
**शारीरिक दूरी बनाए रखना और भीड़–भाड़ वाली जगहों पर ना जाना**

## 09 एक गर्भवती महिला COVID-19 टीकाकरण के लिए अपना पंजीकरण कैसे कर सकती है?

सभी गर्भवती महिलाओं को CO-WIN पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराने की आवश्यकता है या वे स्वयं COVID-19 टीकाकरण केंद्र में जाकर अपना पंजीकरण करा सकती हैं। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण की प्रक्रिया सामान्य आबादी के समान है जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा दी गई नवीनतम दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जा सकता है।




**मिथ बस्टर:**
**टीकाकरण से आपको COVID-19 संक्रमण नहीं हो सकता है।**



#LargestVaccineDrive #Unite2FightCorona